दिनांकः 30.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- संसद और राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र कल से शुरू होगा।
- देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन कर रहा है।
- प्रदेश में आज से स्पर्श कुष्ठ रोग जागरुकता पखवाड़े की शुरूआत–कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियां दूर करने के प्रयास किये जाएंगे।
- जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का आज से जयपुर में आगाज।

......................

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। इससे पहले सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस दौरान सरकार सभी दलों के प्रमुख नेताओं के साथ विचार–विमर्श करेगी और सत्र का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए दलों से सहयोग की अपेक्षा करेगी।
इधर, राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र भी कल से शुरू होगा। इससे पहले आज जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक होगी। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि बैठक में सत्र की तैयारियों के संबंध में चर्चा की जाएगी और विधायकों को सत्र के संबंध में ई–प्रजेंटेशन भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सत्ता पक्ष सदन की स्वस्थ परम्परा को कायम रखेगा और विपक्ष से भी ऐसी ही अपेक्षा की जाएगी।

......................

केन्द्रीय बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न मुद्दों पर समाज के संगठनों, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और आम लोगों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। इसी कड़ी में जयपुर निवासी अनुशा मिश्रा ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि उन्हें उम्मीद है कि इस बजट में शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

......................

"अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025" के राज्य स्तरीय कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित के लिए राज्य सरकार ने "आईवाईसी–राज्य एपेक्स समिति" का गठन किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य एपेक्स समिति के अध्यक्ष होंगे। यह समिति राज्य में सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
वहीं राज्य सहकारी विकास समिति का भी पुनर्गठन किया गया है। मुख्य सचिव सुधांशु पंत को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति का मुख्य उद्देश्य राज्य में सहकारी समितियों को अधिक प्रभावी बनाना और इनके संचालन में पारदर्शिता तथा कार्यक्षमता को बढ़ावा देना है।

......................

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 77वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर राष्ट्र आज महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

......................

यह दिन शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। नई दिल्ली में राजघाट स्थित गांधीजी की समाधि पर आज सुबह सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी है।

सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श देशवासियों को विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी और उनकी सेवा और बलिदान को याद किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संदेश में राष्ट्रपिता को नमन करते हुए कहा कि गांधी जी का जीवन और उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को भी मानवता, करुणा और न्याय के पथ पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर में सचिवालय में कार्यक्रम रखा गया है। मुख्यमंत्री सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारी तथा कर्मचारी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प करेंगे। इस दौरान बापू के प्रिय भजनों की प्रस्तुति होगी।

भरतपुर के गांधी पार्क में बापू की प्रतिमा का अभिषेक किया जाएगा तथा सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। जैसलमेर में श्रद्धांजलि सभा रखी गई है। बारां में सभी सरकारी कार्यालयों में रामधुन और भजनों की प्रस्तुति होगी। शहीद दिवस पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के कार्यालयों में मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

.......................

प्रदेश में आज कुष्ठ रोग निवारण दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज से स्पर्श कुष्ठ रोग जागरुकता पखवाड़े की शुरूआत हो रही है। 13 फरवरी तक चलने वाले इस पखवाडे के तहत लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान कुष्ठ रोग से जुड़ी अंधविश्वास और भ्रांतियों को दूर करने के प्रयास किये जाएंगे। पाली में इस वर्ष की थीम ''आईए सब मिलकर जागरुकता बढाएं–भ्रांतियां दूर करें'' के तहत ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। सलूम्बर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां स्वास्थ्य कर्मी, आशा सहयोगिनी और टीबी सुपरवाइजर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरुक करेंगे।

.......................

जयपुर में कल जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने स्पर्श कुष्ठ रोग अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। अभियान के तहत जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, स्लोगन लेखन, पम्फलेट्स वितरण, प्रचार वाहन, फ्लैक्स बैनर के जरिए लोगों को जागरुक किया जाएगा।

.......................

और अब महाकुंभ से जुड़ी खबरें –

.......................

प्रयागराज में महाकुंभ के संगम घाट पर हुई दुखद घटना में 30 लोगों की मृत्यु हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। ये हादसा मौनी अमावस्या के अवसर पर अखाड़ा–मार्ग पर भारी भीड़ जमा होने के कारण बैरिकेड्स टूटने से हुआ। घटना के बाद प्रशासन ने तुरंत बचाव अभियान चलाया, एंबुलेंस के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया गया है, जो अपनी रिपोर्ट जल्द सौंपेगा। घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिवार को 25–25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की गई।

.......................

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल–जेएलएफ 2025 का 18वां संस्करण आज से शुरू हो रहा है। यह महोत्सव 3 फरवरी तक चलेगा। इसमें विभिन्न भाषाओं के साहित्यकार और विचारक शामिल होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि फेस्टिवल के दौरान कहानियों, किताबों और विचारों पर विभिन्न सत्र आयोजित किये जाएंगे।

.......................